लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

University in News on 20 April 2023

JAGRAN CITY PAGE III

अब एलएलबी में भी लघु शोध करेंगे विद्यार्थी

लवि ने एलएलबी तीन वर्षीय के पांचवें, पांच वर्षीय कोर्स के नवें सेमेस्टर में किया शामिल

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं अब लघु शोध कार्य (डिजरटेशन) भी कर सकेंगे। अभी तक एलएलएम के पाठ्यक्रम में यह व्यवस्था लागू थी। विधि संकाय ने एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के पांचवें और पांच वर्षीय कोर्स के नवें सेमेस्टर में इसे शामिल कर बोर्ड आफ स्टडीज से भी मंजूरी दे दी गई है। इसके अलावा विद्यार्थियों को एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के छठे सेमेस्टर और पांच वर्षीय कोर्स के 10वें सेमेस्टर में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

विधि संकाय के प्रोफेसर राकेश कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक एलएलएम के विद्यार्थी डिजरटेशन करता है। अब एलएलबी में भी इसे शामिल कर दिया गया है ताकि विद्यार्थी स्नातक में ही रिसर्च मैथडोलाजी सीख सकें। यह प्रश्न पत्र 100 नंबर का होगा। इससे छात्रों में रिसर्च की स्किल डेवलप होगी। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों को खोजना, उसमें से अपने काम की विषय वस्तु छांटना बड़ा काम होता है। इसलिए डिजरटेशन का प्रविधान स्नातक में किया गया है, जिससे विद्यार्थी अभी से इसे सीखें।

प्रैक्टिकल ट्रेनिंग की भी सुविधा : एलएलबी के विद्यार्थी प्रैक्टिकल ट्रेनिंग भी करेंगे। प्रो. सिंह के अनुसार एलएलबी तीन वर्षीय कोर्स के छठे सेमेस्टर और पांच वर्षीय कोर्स के 10वें सेमेस्टर में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग दी जाएगी। हर छात्र-छात्रा को एक वकील सिविल और क्रिमिनल का एक-एक वकील आवंटित किया जाएगा। दोनों वकील विद्यार्थियों को न्यायालय ले जाकर वहां की प्रक्रिया समझाएंगे।

कई और सेमेस्टर में इंटर्नशिप: विधि संकाय के डीन प्रो. बीडी सिंह ने बताया कि एलएलबी (तीन वर्षीय) पांचवें सेमेस्टर, एलएलबी आनर्स के पांचवें, सातवें और नवें सेमेस्टर में भी इंटर्नशिप कराई जाएगी। इसकी अवधि 21 से 30 दिन की होगी। अभी सिर्फ तीसरे सेमेस्टर में ही इंटर्नशिप कराई गई है।

स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर में पढ़ाए जाएंगे 51 वोकेशनल कोर्स

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को स्नातक दूसरे व चौथे सेमेस्टर में पढ़ाए जाने वाले वोकेशनल कोर्सों की प्रस्तावित सूची विभागाध्यक्षों के वाट्सएप ग्रुप पर भेज दी। स्नातक दूसरे सेमेस्टर में 25 और चौथे सेमेस्टर में 26 कोर्स शामिल हैं। कुलसचिव से विभागाध्यक्षों से कहा है कि वोकेशनल कोर्सों की सूची देख लें। यदि कोई सुधार हो तो उसे अपडेट करके अवगत करा दें, जिससे फाइनल सूची जारी की जा सके।

लवि के विज्ञान संकाय ने सबसे पहले अपने यहां 16 वोकेशनल कोर्सों की सूची जारी की थी। इसमें दूसरे व चौथे सेमेस्टर में आठ-आठ कोर्स फाइनल किए थे। अब अन्य संकाय को मिलाकर प्रस्तावित कोर्सों की सूची जारी की गई है। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि अभी प्रस्तावित सूची विभाग के हेड को भेजकर देखने के लिए कहा गया है। यदि कोई बदलाव होगा तो उसे अपडेट करके उसे जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद इन कोर्सों में पंजीकरण के बाद कक्षाएं शुरू होंगी। वहीं, दूसरी ओर कालेज भी लवि के वोकेशनल कोर्सों का इंतजार कर रहे हैं। सूची आने के बाद उन कोर्सों में से अपने यहां भी उन्हें शुरू करना होगा।

60 लोगों ने शिविर में किया रक्तदान

लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय स्थित विधिक सहायता केंद्र व यज्ञ चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नवीन परिसर के जूरिस हाल मे रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 60 लोगों ने रक्तदान किया। हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। इस अवसर पर विधि संकाय के अधिष्ठाता डा. बीडी सिंह, विधिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन डा. आलोक कुमार यादव, स्टूडेंट डीन इंद्र दमन तिवारी, ब्लड बैंक के मार्केटिंग मैनेजर अतुल पाठक, प्रोफेसर राजीव राठी, आरके वर्मा भी उपस्थित रहे।

लवि : 15 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट, पैकेज वार्षिक आठ लाख रुपये तक

जागरण संवाददाता, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का अपग्रेड कंपनी में प्लेसमेंट हुआ है। इनका अधिकतम पैकेज आठ लाख रुपये सालाना है। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि स्नातक एवं परास्नातक छात्र-छात्राओं के लिए हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीटेक के आदित्य पांडेय, मोहित गंगवार, बीसीए के अनुपम पांडेय, एमसीए के प्रतिष्ठा पांडेय, मुहम्मद अब्दुल्ला, बीबीए (आइएमएस) के दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा, पीयूष कुमार श्रीवास्तव, एमबीए के गौरव मिश्रा (आइएमएस), नैंसी टंडन (आइएमएस), सलोनी श्रीवास्तव (लुम्बा) और बीकाम की स्नेहा वैश, मधु एवं गौरी त्रिपाठी का चयन एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर हुआ।

कंपनी ने स्नातक छात्र-छात्राओं को 7.5 लाख रुपये प्रति वर्ष (3.5 एलपीए (तय) के साथ 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) और परास्नातक छात्रों को आठ लाख प्रतिवर्ष (4.0 एलपीए (तय) के साथ 4.0 एलपीए (वैरिएबल) का पैकेज आफर किया है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

15 विद्यार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के अभियांत्रिकीय संकाय की प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का अपग्रेड कंपनी में चयन हुआ। इन्हें अधिकतम आठ लाख रुपये सालाना पैकेज मिलेगा।

चयनित होने वाले विद्यार्थियों में आदित्य पाण्डेय, मोहित गंगवार, अनुपम पाण्डेय, प्रतिष्ठा पाण्डेय, मुहम्मद अब्दुल्ला, दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा, पीयूष श्रीवास्तव, गौरव मिश्रा, नैन्सी टंडन, सलोनी श्रीवास्तव, स्नेहा वैश, मधु व गौरी त्रिपाठी हैं। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय और डीन प्रो. एके सिंह ने इन्हें बधाई दी। (संवाद)

शिविर में 60 यूनिट किया रक्तदान

लखनऊ। लविवि की संस्था विधिक सहायता केंद्र और यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक की ओर से बुधवार को जानकीपुरम स्थित नवीन परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया।

इसमें 50 से अधिक लोगों ने 60 यूनिट रक्तदान किया। विद्यार्थियों ने लोगों को रक्तदान के फायदे भी बताए। कहा कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिंह, डॉ. आलोक यादव, प्रो. राजीव राठी, आरके वर्मा, डॉ. अभिषेक तिवारी थे। (संवाद)

प्रो. पूर्णिमा पर्यावरण विज्ञान की समन्वयक नियुक्त

लखनऊ। लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने वनस्पति विज्ञान विभाग की प्रो. पूर्णिमा बाजपेई को पर्यावरण विज्ञान कार्यक्रम की समन्वयक नियुक्त किया है। वह तीन वर्षों तक इस पद पर सेवाएं देंगी। कुलसचिव प्रो. संजय मेधावी ने बुधवार को इसका आदेश जारी कर दिया। (संवाद)

HINDUSTAN PAGE 4

एलयू: 15 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ

लखनऊ। एलयू के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 विद्यार्थियों का अपग्रेड कम्पनी में एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर कैंपस प्लेसमेंट हुआ। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्नातक व परास्नातक छात्रों के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपग्रेड कम्पनी में बीटेक के दो छात्रों समेत अन्य का चयन हुआ।

अपग्रेड कंपनी में हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय के 15 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र.छात्राओं का अपग्रेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो ए के सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी है। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्नातक एवं परा.स्नातक छात्रों के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपग्रेड कम्पनी में बीटेक के 2 छात्रों आदित्य पाण्डेय, मोहित गंगवार, बीसीए के छात्र अनुपम पाण्डेय, एमसीए के 2 छात्रों प्रतिष्ठा पाण्डेय, मुहम्मद अब्दुल्ला, बीबीए आईएमएस के 4 छात्रों दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा एवं पीयूष कुमार श्रीवास्तव, एमबीए के 3 छात्रों गौरव मिश्रा आईएमएस, नैन्सी टंडन आईएमएस, सलोनी श्रीवास्तव लुम्बा और बीकॉम के 3 छात्राओं स्नेहा, मधु एवं गौरी त्रिपाठी का चयन एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर हुआ है।

PIONEER PAGE 3

साइंस कांग्रेस में आने वाले छात्रों के लिए छात्रावासों में होगी सुनिश्चित व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विवि में जनवरी 2024 में होने वाली 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले प्रतिभागियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जोरों शोरों से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कांग्रेस के दौरान छात्र छात्राओ के आवास की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन ने चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय कार्य अधीक्षक प्रो डीके सिंह की उपस्थिति में छात्रावासों की स्थिति का जायजा लिया एवं सुधार के लिए कैलाश छात्रावास में सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इतने भव्य आयोजन के लिए विवि के समस्त शिक्षकों सहित सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट काफी उत्साहित हैं और आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए हैं। जिससे विज्ञान कांग्रेस मे आने वाले प्रतिभागियों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जा सके। डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि इस संबंध मे प्रोवोस्ट के साथ बैठक मे आवश्यक चर्चा हुई। उन्होने बताया कि सभी छात्रावासों में कांग्रेस में प्रतिभाग करने छात्र छात्राओं को मदद देने एवं उनके मार्गदर्शन के लिए 10 वॉलिंटियर भी होंगे। बैठक में सभी छात्रावासों में की जाने वाली तैयारियों, आवश्यकताओं व होने वाले कामों की लिस्ट तैयार की गई ताकि समय रहते हुए उन कार्यों को पूरा किया जा सके एवं कांग्रेस में प्रतिभाग करने वाले लोगों को छात्रावासों में रुकने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े साथ ही यहां रुकने का अनुभव यादगार रहे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

लखनऊ विवि में रक्तदान शिविर आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की संस्था विधिक सहायता केंद्र व यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नवीन परिसर के जूरिस हाल में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन अधिष्ठाता व विभागाध्यक्ष प्रो. वंशीधर सिंह ने किया।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान माना जाता है। रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। साथ ही किसी जरूरतमंद का जीवन भी बचाया जा सकता है। रक्तदान शिविर में साठ यूनिट से ज्यादा रक्तदान हुआ। इस मौके पर वरिष्ठ प्रोफेसर राजीव राठी, आर के वर्मा और अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता अभिषेक तिवारी सहित कई अन्य उपस्थित रहे।

15 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का अपग्रेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय व अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने बताया कि स्नातक एवं परा-स्नातक छात्रों के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपग्रेड कम्पनी में बीटेक के 2 छात्रों (आदित्य पाण्डेय, मोहित गंगवार), बीसीए के छात्र अनुपम पाण्डेय, एमसीए के 2 छात्रों (प्रतिष्ठा पाण्डेय, मुहम्मद अब्दुल्ला), बीबीए (आईएमएस) के 4 छात्रों (दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा एवं पीयूष कुमार श्रीवास्तव), एमबीए के 3 छात्रों गौरव मिश्रा (आईएमएस), नैन्सी टंडन (आईएमएस), सलोनी श्रीवास्तव (लुम्बा) और बीकॉम के 3 छात्राओं (स्नेहा वैश, मधु एवं गौरी त्रिपाठी) का चयन एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर हुआ है। कम्पनी ने स्नातक छात्रों को 7.5 लाख प्रतिवर्ष (3.5 एलपीए (फिक्स्ड) 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) और परा-स्नातक छात्रों को 8 लाख प्रतिवर्ष (4.0 एलपीए (फिक्स्ड) 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) का पैकेज ऑफर किया है।

विज्ञान कांग्रेस : हास्टल में विद्यार्थियों की मदद करेंगे वालंटियर

जासं, लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय में आगामी तीन से सात जनवरी तक होने वाले 109वें भारतीय विज्ञान कांग्रेस के वार्षिक सम्मेलन में देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास में बेहतर व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके लिए हर हास्टल में 10-10 वालंटियर तैनात किए जाएंगे, जो उनकी मदद व मार्गदर्शन करेंगे। बुधवार को कैलाश हास्टल में बुलाई गई सभी प्रोवोस्ट की बैठक में इसको लेकर सहमति बनी।

विज्ञान कांग्रेस को लेकर जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। इसमें आने वाले छात्र-छात्राओं के आवास की व्यवस्था सुचारु रूप से और बेहतर करने के लिए डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय कार्य अधीक्षक प्रो. डीके सिंह की उपस्थिति में हास्टलों की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही सुधार के लिए कैलाश छात्रावास में छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की। प्रो. पूनम टंडन ने बताया कि सभी हास्टल में कांग्रेस में प्रतिभाग करने छात्र-छात्राओं को मदद देने एवं उनके मार्गदर्शन के लिए 10-10 वालंटियर भी होंगे। बैठक में छात्रावासों में की जाने वाली तैयारियों, आवश्यकताओं व होने वाले कार्यों की लिस्ट तैयार की गई ताकि समय रहते हुए उन कार्यों को पूरा किया जा सके। इसके साथ ही छात्रावासों को किस तरह कांग्रेस के दौरान व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी, इस पर चर्चा की गई।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस की तैयारी को लेकर लवि के कैलाश हास्टल में सभी प्रोवोस्ट के साथ बैठक में तैयारियों पर की गई चर्चा ● सौजन्य लवि

लवि : 28 से 30 तक जुटेंगे देश-विदेश के समाजशास्त्री

लखनऊ विश्वविद्यालय का समाज शास्त्र विभाग अपने शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में इंडियन सोशियालाजिकल सोसाइटी के सहयोग से 28, 29 व 30 अप्रैल को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन करेगा। 'क्षेत्रों में समाजशास्त्र: शिक्षाशास्त्र, प्रथाएं और संभावनाएं' विषय पर होने वाले इस सम्मेलन में देश-विदेश के समाजशास्त्र के दिग्गज प्रोफेसर शामिल होंगे। मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को निमंत्रण भेजा गया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन स्थलों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी। समाजशास्त्र विभाग के हेड एवं आयोजन सचिव प्रोफेसर डीआर साहू ने बताया कि सम्मेलन में क्षेत्र, संस्कृति और अस्मिताएं, नागरिकता एवं नृजातियता, पारिस्थितिकीय, अर्थव्यवस्था एवं टिकाऊपन, लखनऊ विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र के सौ वर्ष पर चर्चा की जाएगी।

"राष्ट्रीय स्तर पर इतने भव्य आयोजन के लिए सभी शिक्षक व प्रोवोस्ट उत्साहित हैं। आयोजन की सुचारु व्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए हैं, जिससे विज्ञान कांग्रेस में आने वाले प्रतिभागियों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जा सके।

-प्रो. आलोक कुमार राय, कुलपति, लखनऊ विश्वविद्यालय

तैयारी | वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में हुई समीक्षा

भारतीय विज्ञान कांग्रेस में शिक्षकों के साथ विद्यार्थी भी होंगे शामिल

सक्रियता

- बैठक में छात्रावासों के प्रोवोस्ट भी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में जनवरी 2024 में होने वाली 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले प्रतिभागियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां जारी हैं।

कांग्रेस के दौरान छात्र-छात्राओं के आवास की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए बुधवार को डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय कार्य अधीक्षक प्रो. डीके सिंह की उपस्थिति में छात्रावासों की स्थिति का जायजा लिया एवं सुधार के लिए कैलाश छात्रावास में सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की।

इस बारे में कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इतने भव्य आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट काफी उत्साहित हैं, और आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए हैं जिससे विज्ञान कांग्रेस मे आने वाले प्रतिभागियों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जा सके।

भारतीय विज्ञान कांग्रेस की तैयारियों को लेकर बैठक में उपस्थित पदाधिकारी। अमृत विचार

10 वालंटियर भी होंगे शामिल

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि इस संबंध मे प्रोवोस्ट के साथ बैठक मे आवश्यक चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि सभी छात्रावासों में कांग्रेस में प्रतिभाग करने छात्र-छात्राओं को मदद देने एवं उनके मार्गदर्शन के लिए 10 वालंटियर भी होंगे। बैठक में सभी छात्रावासों में की जाने वाली तैयारियों, आवश्यकताओं व होने वाले कामों की लिस्ट तैयार की गई ताकि समय रहते हुए उन कार्यों को पूरा किया जा सके।

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है, जरूरतमंद का जीवन बचाया जा सकता है : डॉ. बंशीधर

स्वतंत्र भारत लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय, विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व यज्ञ चैरिटेबल ब्लड बैंक के

लविवि में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नवीन परिसर के जूरिस हाल में रक्तदान शिविर का लविवि द्वितीय परिसर के निदेशक एवं विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) बंशी धर सिहं एवं विधिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन डॉ. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम उपस्थित गणमान व्यक्तियों का फूल देकर अभिवादन किया गया एवं छात्र-छात्राओं को विधिक सहायता केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस रक्तदान शिविर में लविवि नवीन परिसर के विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. डॉ. बंशी धर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान माना जाता है, रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ तो रहता ही है साथ ही किसी जरूरतमंद का जीवन भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामान्यतय-लोग रक्तदान से इसलिए हिचकते हैं,क्योंकि उन्हें लगता है कि



इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है, रक्तदान करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं,रक्तदान से हृदय की सेहत में सुधार होता है साथ ही वजन नियंत्रित रहता है। कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है,रक्तदान से न सिर्फ शरीर पर बल्कि मस्तिष्क पर भी सकारात्मक असर पड़ता है, यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद जरूरी है। स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में विभिन्न संकायों से लोगों ने प्रतिभाग किया रक्तदान के लिए आए लोगों का हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, जैसे महत्वपूर्ण जांच किए गए। कार्यक्रम के उपरान्त यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक के सदस्यों ने लोगों को रक्तदान में सहयोग किया और अनेक फायदे बताए। आयोजित रक्तदान शिविर के पूर्व में दो दिवसीय रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके उपरान्त विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों द्वारा लविवि नवीन परिसर के विभिन्न विभागों में लोगों को रक्तदान की महत्वता बताई गई। आयोजित रक्तदान शिविर में विधिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन डॉ.आलोक कुमार यादव ने प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान शिविरों के माध्यम से हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिन्दगियों को बचाने का काम करते हैं और यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक के मार्केटिंग मैनेजर अतुल पाठक ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में साठ यूनिट से ज्यादा रक्तदान हुआ। कार्यक्रम में विधि संकाय, लविवि के वरिष्ठ प्रो.राजीव राठी, आर.के. वर्मा, और अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता अभिषेक तिवारी उपस्थित रहे। इस शिविर के आयोजन में विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। अंत में विधिक सहायता केंद्र के छात्र संयोजक मनीष तिवारी ने कहा कि रक्तदान के फायदे और मानवता के लिए इसकी आवश्यकता के विषय में अधिक से अधिक लोग जागरूक हों इसके लिए प्रत्येक वर्ष विधिक सहायता केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन होता है।

लविवि के डी पी मुखर्जी हाल में समाजशास्त्र विभाग में आयोजित संगोष्ठी के दौरान बोलतीं देविका

VOICE OF LUCKNOW PAGE 7

लविवि के 15 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का अपग्रेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीनप्रो. एके सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी। प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्नातक एवं परा-स्नातक छात्रों के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपग्रेड कंपनी में बीटेक के दो छात्रों आदित्य पाण्डेय, मोहित गंगवार, बीसीएके छात्र अनुपम पाण्डेय, एमसीए के दो छात्रों प्रतिष्ठा पाण्डेय, मुहम्मद अब्दुल्ला, बीबीए(आईएमएस) के चार छात्रों दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा एवं पीयूष कुमार श्रीवास्तव, एमबीए के तीन छात्रों गौरव मिश्रा (आईएमएस), नैंसी टंडन (आईएमएस), सलोनी श्रीवास्तव (लुम्बा) और बीकॉम के तीन छात्राओं स्नेहा वैश, मधु एवं गौरी त्रिपाठी का चयन एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर हुआ है। कम्पनी ने स्नातक छात्रों को 7.5 लाख प्रतिवर्ष (3.5 एलपीए (फिक्स्ड) + 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) और परा-स्नातक छात्रों को 8 लाख प्रतिवर्ष (4.0 एलपीए (फिक्स्ड) + 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) का पैकेज ऑफर किया है।

रक्तदान करने से शरीर रहता है स्वस्थ : प्रो. बीडी सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नवीन परिसर के जूरिस हाल में रक्तदान शिविर का लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर के निदेशक एवं विधि संकाय के अधिष्ठाता एवंविभागाध्यक्ष प्रो. बंशीधर सिहं एवं विधिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन डॉ आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुआ। इस दौरान छात्र-छात्राओं को विधिक सहायता केंद्र के बारे में जानकारी दी गयी। इस रक्तदान शिविर में लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर के विभिन्न विभाग के छात्र- छात्राओंने बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अधिष्ठाता विधिसंकायप्रो. डॉ. बंशीधर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान माना जाता है, रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ तो रहता ही है। साथ ही किसी जरूरतमंद का जीवन भी बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामान्यतयः लोग रक्तदान से इसलिए हिचकते हैं, क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है, रक्तदान करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं, रक्तदान से हृदय की सेहत में सुधार होता है। साथ ही वजन नियंत्रित रहता है। कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है, रक्तदान से न सिर्फ शरीर पर बल्कि मस्तिष्क पर भी सकारात्मक असर पड़ता है, यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद जरूरी है। स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में विभिन्न संकायों से लोगों ने प्रतिभाग किया रक्तदान के लिए आए लोगो का हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर जैसी महत्वपूर्ण जांच हुई।

TRUE TIMES PAGE 3

लखनऊ विश्वविद्यालय मे जनवरी 2024 में होने वाली 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास मे बेहतर व्यवस्था होगी सुनिश्चित

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में जनवरी 2024 में होने वाली 109वीं भारतीय विज्ञान कांग्रेस में देश भर से बड़ी संख्या में आने वाले प्रतिभागियों के लिए बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जोरों शोरों से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कांग्रेस के दौरान छात्र छात्राओ के आवास की व्यवस्था सुचारू रूप से करने के लिए सुविधाओं को और बेहतर करने के लिए आज डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. पूनम टंडन ने चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह तथा विश्वविद्यालय कार्य अधीक्षक प्रो. डीके सिंह की उपस्थिति में छात्रावासों की स्थिति का जायजा लिया एवं सुधार के लिए कैलाश छात्रावास में सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट के साथ बैठक की।

कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इतने भव्य आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों सहित सभी छात्रावासों के प्रोवोस्ट काफी उत्साहित हैं, और आयोजन की सुचारू व्यवस्था के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव भी आए हैं जिससे विज्ञान कांग्रेस मे आने वाले प्रतिभागियों को बेहतर से बेहतर सुविधा दी जा सके।

डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि इस संबंध मे प्रोवोस्ट के साथ बैठक मे आवश्यक चर्चा हुई। उन्होने बताया कि सभी छात्रावासों में कांग्रेस में प्रतिभाग करने छात्र छात्राओं को मदद देने एवं उनके मार्गदर्शन के लिए 10 वॉलिंटियर भी होंगे। बैठक में सभी छात्रावासों में की जाने वाली तैयारियों, आवश्यकताओं व होने वाले कामों की लिस्ट तैयार की गई ताकि समय रहते हुए उन कार्यों को पूरा किया जा सके एवं कांग्रेस में प्रतिभाग करने वाले लोगों को छात्रावासों में रुकने में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े साथ ही यहां रुकने का अनुभव यादगार रहे। इसके साथ ही छात्रावासों को किस तरह कांग्रेस के दौरान व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी इस पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

अपग्रेड कंपनी में हुआ लखनऊ विश्वविद्यालय के 15 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकीय संकाय के प्लेसमेंट सेल द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव में 15 छात्र-छात्राओं का अपग्रेड कम्पनी में कैंपस प्लेसमेंट हुआ।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय एवं अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रो. ए. के. सिंह ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

प्लेसमेंट इंचार्ज डॉ. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि स्नातक एवं परा-स्नातक छात्रों के लिए आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में अपग्रेड कम्पनी में बीटेक के 02 छात्रों (आदित्य पाण्डेय, मोहित गंगवार), बीसीए के छात्र अनुपम पाण्डेय, एमसीए के 02 (छात्रों प्रतिष्ठा पाण्डेय, मुहम्मद अब्दुल्ला), बीबीए(आईएमएस) के 4 छात्रों (दीपक गुप्ता, अनुज त्रिवेदी, रत्नेश मिश्रा एवं पीयूष कुमार श्रीवास्तव), एमबीए के 3 छात्रों गौरव मिश्रा (आईएमएस), नैन्सी टंडन (आईएमएस), सलोनी श्रीवास्तव(लुम्बा) और बीकॉम के 3 छात्राओं (स्नेहा वैश, मधु एवं गौरी त्रिपाठी) का चयन एसोसिएट एडमिशन काउंसलर के पद पर हुआ है। कम्पनी ने स्नातक छात्रों को 7.5 लाख प्रतिवर्ष (3.5 एलपीए (फिक्स्ड) + 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) और परा-स्नातक छात्रों को 8 लाख प्रतिवर्ष (4.0 एलपीए (फिक्स्ड) + 4.0 एलपीए (वैरिएबल)) का पैकेज ऑफर किया है।

TARUN MITRA PAGE 2

लविवि में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

लखनऊ, 19 अप्रैल (तरुणमित्र)। लखनऊ विश्वविद्यालय, विधि संकाय की प्रतिष्ठित संस्था विधिक सहायता केंद्र व यज्ञ चैरिटेबल ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को नवीन परिसर के जूरिस हाल में रक्तदान शिविर का लविवि द्वितीय परिसर के निदेशक एवं विधि संकाय के अधिष्ठाता एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ.) बंशी धर सिहं एवं विधिक सहायता केंद्र के चेयरपर्सन डॉ. आलोक कुमार यादव के मार्गदर्शन में किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम उपस्थित गणमान व्यक्तियों का फूल देकर अभिवादन किया गया एवं छात्र-छात्राओं को विधिक सहायता केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की गई। इस रक्तदान शिविर में लविवि नवीन परिसर के विभिन्न विभाग के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया। शिविर का उद्घाटन करते हुए अधिष्ठाता विधि संकाय प्रो. डॉ. बंशी धर सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान माना जाता है, रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ तो रहता ही है साथ ही किसी जरूरतमंद का जीवन भी बचाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि सामान्यतयः लोग रक्तदान से इसलिए हिचकते हैं,क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे शरीर में कमजोरी हो जाएगी। जबकि ऐसा नहीं है, रक्तदान करने से शरीर को कई लाभ मिलते हैं,रक्तदान से हृदय की सेहत में सुधार होता है साथ ही वजन नियंत्रित रहता है। कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम कम होता है,रक्तदान से न सिर्फ शरीर पर बल्कि मस्तिष्क पर भी सकारात्मक असर पड़ता है, यही वजह है कि लोगों को इसके बारे में जागरुक करना बेहद जरूरी है।

स्टूडेंट डीन इन्द्र दमन तिवारी ने बताया कि इस रक्तदान शिविर में विभिन्न संकायों से लोगों ने प्रतिभाग किया रक्तदान के लिए आए लोगों का हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, जैसे महत्वपूर्ण जांच किए गए। कार्यक्रम के उपरान्त यज्ञ चेरिटेबल ब्लड बैंक के सदस्यों ने लोगों को रक्तदान में सहयोग किया और अनेक फायदे बताए। आयोजित रक्तदान शिविर के पूर्व में दो दिवसीय रक्तदान जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके उपरान्त विधिक सहायता केंद्र के सदस्यों द्वारा लविवि नवीन परिसर के विभिन्न विभागों में लोगों को रक्तदान की महत्वता बताई गई।